SET **A**

**S/SP/II/2017** प्रश्न-पुस्तिका क्र० **Question Booklet No.** 2148527

अनुक्रमांक **Roll No.** | | | | | | ← परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : **32**

कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : **100**

समय/Time : **2 घण्टे/Hours**

पूर्णांक/Total Marks : **200**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं—हिन्दी व अंग्रेजी में छपी है। परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी भाषा चुन सकते हैं।
2. प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्नों की निर्धारित संख्या **100** है। परीक्षार्थी आश्वस्त हो ले कि उसके प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में प्रश्न मुद्रित हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग ले।
3. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर प्रश्न-पुस्तिका में लगे पृष्ठों की संख्या दी गई है। परीक्षार्थी आश्वस्त हो ले कि उसके प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में पृष्ठ लगे हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग ले।
6. प्रदत्त उत्तर-पत्र पर दिए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें।
7. कृपया उत्तर-पत्र पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं।
8. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र पर भी नहीं।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से अंग्रेजी रूपांतर को मानक माना जाएगा।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in Hindi and English languages. Candidates should select any one of the two languages according to their convenience.
2. The Question Booklet contains **100** questions. The examinee should verify that the requisite number of questions are printed in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
3. **All** questions are compulsory.
4. **All** questions carry equal marks.
5. The cover page indicates the number of pages in the Question Booklet. The examinee should verify that the requisite number of pages are attached in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
6. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet supplied and indicate your answers accordingly.
7. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet only at the places indicated and nowhere else.
8. Examinee should do all rough work on the space meant for rough work in the pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet.
9. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the English version will be treated as standard.

**1.** आप एक पुलिस अधिकारी हैं। एक मरीज का अस्पताल में निधन हो गया है और रिश्तेदारों को लगता है कि इसका जिम्मेदार डॉक्टर है। आपको सूचित किया जाता है कि रिश्तेदार डॉक्टर पर हमला कर रहे हैं। आप क्या करेंगे?

(A) हमला समाप्त होने तक प्रतीक्षा करेंगे

(B) तुरन्त अस्पताल पहुँचेंगे और रिश्तेदारों को डॉक्टर पर हमला करने से रोकेंगे

(C) अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करेंगे और आदेश की प्रतीक्षा करेंगे

(D) अपने अधीनस्थों को कुछ समय बाद अस्पताल का दौरा करने के लिए कहेंगे

**2.** आप एक निजी अस्पताल में डॉक्टर हैं। आपके पास ऐसा मरीज आता है जिसके पास कुछ लाख की बीमा सुरक्षा है। आपके सहयोगी कुछ ऐसे परीक्षणों के लिए आदेश देना चाहते हैं जो कि वास्तव में आवश्यक नहीं हैं। आप क्या करेंगे?

(A) अपने सहयोगी को परीक्षण के लिए आदेश की अनुमति देंगे

(B) अपनी तरफ से कुछ और परीक्षणों का सुझाव देंगे

(C) अपने सहयोगी की सूची से कुछ परीक्षणों को कम कर देंगे

(D) केवल आवश्यक परीक्षणों के लिए आदेश देंगे और अपने सहयोगी को ऐसा करने की आवश्यकता के प्रति संवेदनशील बनायेंगे

**3.** आप नगर निगम में एक अधिकारी हैं। एक गैर-सरकारी संगठन के कुछ स्वयंसेवकों ने एक विद्यालय में चित्रकारी कर दी है, मगर उन्होंने चित्रकारी के पहले आपसे अनुमति नहीं ली। आप क्या करेंगे?

(A) स्वयंसेवकों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करेंगे

(B) स्वयंसेवकों से मिलेंगे और समझायेंगे कि अनुमति लेना क्यों आवश्यक है और पूर्वप्रभावी अनुमति दे देंगे

(C) स्वयंसेवकों को चित्रकारी को साफ कर पूर्ववत् करने को कहेंगे

(D) सरकारी संपत्ति को विरूप करने के आरोप में स्वयंसेवकों को गिरफ्तार करेंगे

**4.** आप एक सरकारी अधिकारी हैं। आपके ऊपर स्थानीय राजनीतिक गुट के द्वारा अपने एक अधीनस्थ का स्थानांतरण करने के लिए दबाव डाला जा रहा है, क्योंकि उसने उनके नेता को ठेका देने से मना कर दिया। आप क्या करेंगे?

(A) अपने सहयोगी के निर्णय का समर्थन करेंगे और उसका स्थानांतरण नहीं करेंगे

(B) सहयोगी का स्थानांतरण कर देंगे ताकि राजनीतिक गुट आपके लिए मुसीबत न पैदा करे

(C) अपने सहयोगी को छुट्टी पर जाने को कहेंगे और उसकी अनुपस्थिति में राजनीति गुट के नेता का पक्षपात करेंगे

(D) अन्य राजनीतिक गुटों को इस दबाव के बारे में सूचित करेंगे ताकि राजनीतिक दबाव हट जाये

**5.** आप एक सरकारी अधिकारी हैं। आपसे आर॰ टी॰ आइ॰ (RTI) अधिनियम के अंतर्गत कुछ जानकारी माँगी गई है। आपको विश्वास है कि आप जानकारी माँगने वाले व्यक्ति को जानते हैं और आप आश्वस्त हैं कि जानकारी का दुरुपयोग किया जायेगा। आप क्या करेंगे?

(A) आप जानकारी न देने के लिए एक उपाय ढूँढ़ेंगे

(B) जानकारी दे देंगे

(C) गलत जानकारी देंगे ताकि उसके दुरुपयोग की सम्भावना को कम-से-कम किया जा सके

(D) जानकारी देने में जितनी संभव हो सके उतनी देरी करेंगे

**6.** आप एक कंपनी की सलाहकार परिषद् के सदस्य हैं, जिसके विरुद्ध एक शिकायत दर्ज कराई गई है। स्थानीय नगर निगम ने आपको तथ्यान्वेषी समिति का एक सदस्य बना दिया है। आप क्या करेंगे?

(A) समिति का काम स्वीकार करने से पहले परिषद् की सदस्यता से त्यागपत्र दे देंगे

(B) हितों के टकराव का हवाला देते हुए समिति की सदस्यता अस्वीकार कर देंगे

(C) उपर्युक्त विकल्पों में से (A) अथवा (B)

(D) समिति की सदस्यता को स्वीकार करेंगे ताकि समिति की रिपोर्ट कंपनी के अनुकूल हो

**1.** You are a police officer. A patient has died in a hospital and the relatives think that the doctor is responsible. You are informed that the relatives are attacking the doctor. What do you do?

(A) Wait till the attack is over

(B) Immediately reach the hospital and stop the relatives from attacking the doctor

(C) Report to your superiors and wait for orders

(D) Tell your subordinates to visit the hospital after some time

**2.** You are a doctor in a private hospital. You get a patient who has insurance cover up to a few lakhs. Your colleague wants to order some tests which are not really necessary. What do you do?

(A) Allow your colleague to order the tests

(B) Suggest a few more tests of your own

(C) Reduce a few tests from your colleague's list

(D) Order only the necessary tests and sensitize your colleague about the need for doing so

**3.** You are an official in the municipal corporation. Some volunteers of a non-governmental organization have painted one of the schools. However, they have not taken permission from you before painting. What do you do?

(A) Take strict legal action against the volunteers

(B) Meet with the volunteers and explain why permissions are necessary and give retrospective permission

(C) Ask the volunteers to undo the painting

(D) Arrest the volunteers on charges of defacing government property

**4.** You are a government official. You are getting pressurized by some local political group to transfer one of your subordinates since he has refused to favour their leader for a contract. What do you do?

(A) Stand by your colleague's decision and refuse to transfer him

(B) Transfer the colleague so that the political group does not create trouble for you

(C) Ask your colleague to go on leave and favour the political group leader in his absence

(D) Inform the other political groups of this pressure so that the political pressure is removed

**5.** You are a government official. You are asked some information under the RTI Act. You believe you know the person who has asked for the information and you are also convinced that the information will be misused. What do you do?

(A) Find a way of denying the information

(B) Give the information

(C) Give wrong information so that the possibility of misuse is minimized

(D) Delay in giving the information as much as possible

**6.** You are the advisory council member for a company against which a complaint is lodged. The local municipal corporation has made you a member of their fact-finding committee. What do you do?

(A) Resign from the council membership before accepting the committee work

(B) Refuse to accept the committee membership citing conflict of interest

(C) Either of the options (A) or (B) above

(D) Accept the committee membership so that the report of the committee is favourable to the company

**7.** आप एक शैक्षिक संस्थान के शासी मंडल के सदस्य हैं। आप स्थानीय नगर निगम के भी सदस्य हैं। शासी मंडल के अन्य सदस्य आपसे आग्रह करते हैं कि आप नगर निगम में अपनी सदस्यता का उपयोग शैक्षिक संस्थान को बढ़ावा देने में करें। आप क्या करेंगे?

(A) इनकार कर देंगे क्योंकि यह अनैतिक है

(B) बढ़ावा देने को सहमत हो जायेंगे परन्तु किसी तरह की पहल नहीं करेंगे

(C) बढ़ावा देने को सहमत हो जायेंगे और सक्रिय कदम उठायेंगे

(D) सार्वजनिक रूप से इनकार कर देंगे परन्तु निजी रूप से सक्रिय बढ़ावा देंगे

**8.** आप एक प्रकाशन में स्वतंत्र पत्रकार हैं। आपका एक मित्र अपने उत्पाद को बढ़ावा देना चाहता है और आपको धन का प्रस्ताव देता है, यदि आप उसकी प्रचार सामग्री अपने नाम से प्रकाशित करें। आप क्या करेंगे?

(A) प्रकाशित करने को तैयार हो जायेंगे लेकिन धन लेने से मना कर देंगे क्योंकि आप अपने मित्र की सहायता कर रहे हैं

(B) बढ़ावा देने को तैयार हो जायेंगे और धन ले लेंगे

(C) सहमत नहीं होंगे क्योंकि यह अनैतिक है

(D) सहमत नहीं होंगे; अपने मित्र को किसी दूसरे पत्रकार के पास भेज देंगे

**9.** आप एक सिनेमाघर में हैं। चलचित्र के पहले राष्ट्रगान बजाया जाता है। जब राष्ट्रगान चल रहा होता है, तो भी कुछ कॉलेज के छात्र सीटों पर बैठे हैं और बात कर रहे हैं। आप क्या करेंगे?

(A) छात्रों से मारपीट करेंगे

(B) उनका चित्र लेकर फेसबुक पर डाल देंगे

(C) उनसे बातचीत न करने का अनुरोध करेंगे और पूछेंगे कि उनको खड़े होने में कोई कठिनाई है

(D) चलचित्र प्रदर्शन बन्द करवा देंगे जब तक कि छात्रों को हॉल से हटा नहीं दिया जाता

**10.** आपकी प्रयोगशाला में सहायक के रूप में काम करने वाला एक व्यक्ति गरीब परिवार से आता है और वास्तव में पीएच० डी० करने को इच्छुक है। आप उसको अपने संस्थान के पीएच० डी० कार्यक्रम में लेने के लिए उसकी कैसे सबसे अच्छी तरह से सहायता करेंगे?

(A) चयन समिति के प्रमुख से बात करेंगे और उनसे इस प्रत्याशी का पक्ष लेने के लिए अनुरोध करेंगे क्योंकि वह कठिन परिश्रमी है और जरूरतमंद भी

(B) प्रत्याशी को प्रवेश परीक्षा के लिए अच्छी तैयारी करने में सहायता देंगे और उसको सुसंगत पाठ्यपुस्तकें देंगे

(C) कुछ भी नहीं करेंगे, क्योंकि चयन परीक्षा में उत्तीर्ण होना उसके ऊपर है

(D) चयन प्रक्रिया के बाद, चयन सूची में प्रत्याशी का नाम डालने के लिए समिति के सदस्यों से लड़ेंगे

**निर्देश** (प्रश्न सं० **11** से **14**) : निम्नलिखित प्रत्येक शब्द के लिए एक संदर्भ दिया गया है। दिये गये विकल्पों में से वह शब्द अथवा वाक्यांश चुनिए जो तत्सम्बन्धित संदर्भ में शब्द के अर्थ में सर्वाधिक निकट है।

**11.** सहायक : मंत्री की ओर से उनके सहायक ने प्रश्नों का उत्तर दिया।

(A) अनुगामी

(B) सहयोगी

(C) विरोधी

(D) मित्र

**12.** याचना : कातिल ने पीड़ित परिवार से दया याचना की।

(A) माँगना

(B) दोष देना

(C) खंडन करना

(D) अस्वीकार करना

7. You are the member of a governing board of an educational institution. You are also the member of local municipal corporation. The other members of the governing board urge you to use your membership in the municipal corporation to promote the educational institution. What do you do?

(A) Refuse since it is unethical

(B) Agree to promote but do not take any initiative

(C) Agree to promote and take active measures

(D) Refuse in public but actively promote in private

8. You are a freelance journalist for a publication. One of your friends wants to promote his product and offers you money if you can submit their publicity material for publication under your name. What do you do?

(A) Agree to publish but refuse money since you are helping your friend

(B) Agree to promote and take money

(C) Do not agree since it is unethical

(D) Do not agree; refer your friend to some other journalist

9. You are in a movie theatre. Before the movie, National Anthem is played. While the Anthem is being played, some college students are still sitting in their seats and are talking. What do you do?

(A) Assault the students

(B) Take their photo and put it on Facebook

(C) Request them not to talk and ask if they have any difficulty in standing up

(D) Stop movie screening till the students are removed from the hall

10. A person working as an assistant in your lab comes from a poor family and is really interested in doing a PhD. How best would you help this person get into the PhD programme at your institute?

(A) Talk to the head of the selection committee and request her to favour this candidate because he is hardworking and also needy

(B) Help the candidate prepare well for the entrance exam by providing him with relevant textbooks

(C) Do nothing since it is up to him to get through the selection exam

(D) Fight with the committee members after the selection process to get this candidate into the selected list

**Directions** (Question Nos. **11** to **14**) **:** For each of the following words, a context is provided. From the alternatives, pick the word or phrase that is closest in meaning to the given context.

11. Aide : An aide of the minister answered the questions on his behalf.

(A) Follower

(B) Assistant

(C) Opponent

(D) Friend

12. Seek : The murderer seeks pardon from the victim's family.

(A) Ask for

(B) Blame

(C) Deny

(D) Refuse

**13.** हतोत्साह : प्रबंधक, प्रोग्रामर के प्रदर्शन से हतोत्साहित हो गया।

(A) अप्रसन्न, क्योंकि अपेक्षा के अनुरूप काम नहीं हुआ

(B) प्रसन्न, क्योंकि अपेक्षा के अनुरूप काम हुआ

(C) प्रदर्शन से प्रभावित

(D) भयभीत

**14.** भंग : टेनिस खिलाड़ी ने पिछले विश्व रिकॉर्ड को भंग कर दिया।

(A) तोड़ना

(B) मिलने से चूकना

(C) खेलने से इनकार कर दिया

(D) धोखा दिया

निर्देश (प्रश्न सं० **15** से **19**) : निम्नलिखित लेखांश को पढ़िये और उसके अंत में दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नों के उत्तर लेखांश पर आधारित होने चाहिए।

तेंदुए बाघ से ज्यादा चालाक होते हैं। जिम कॉर्बेट ने कहा था कि सब कुछ कहने और करने के बाद भी बाघ सज्जन है। तेंदुआ की बाघ की अपेक्षा गाँव अथवा घरों में भी प्रवेश करने की सम्भावना ज्यादा है। वह झोपड़ी की बगल में लेटा हुआ इसका इंतजार करता है कि कब एक खतरे से अनजान बच्चा बाहर आये और तब वह उसको गर्दन से दबोच ले। कोई भी आवाज नहीं होगी और बच्चा यूँ ही गायब हो जायेगा। एक बाघ एक बच्चे के लिए अपने को कभी-कभार तकलीफ नहीं देगा क्योंकि उसके लिए यह बहुत कम है। यह व्यय-लाभ का प्रश्न है। बाघ बच्चे को पकड़ने और मारने में जितनी ऊर्जा व्यय करेगा उसकी अपेक्षा उसे बहुत कम भोजन उपलब्ध होगा। इसके बजाय वह एक भैंसे अथवा किसी खुरवाले जंगली शिकार को मारेगा जिससे उसको काफी अधिक मात्रा में भोजन उपलब्ध होगा। एक बाघ का वजन 180–230 कि० ग्रा० होता है जबकि तेंदुआ लगभग 50 कि० ग्रा० के आसपास। अपने सामान्य भोजन जैसे कि कुत्ते, बकरियाँ और मुर्गे आराम से सुलभ होने पर भी, तेंदुए बच्चों को उठाने पर उतर आते हैं।

**15.** बाघ एक बच्चे के बजाय एक भैंसे को मारेगा

(A) क्योंकि एक भैंसे को मारना आसान है

(B) क्योंकि एक बच्चे को मारना कठिन है

(C) क्योंकि बाघ चालाक नहीं होते

(D) क्योंकि बाघ, बच्चे को पकड़ने और मारने में जितनी ऊर्जा खर्च करेगा उसकी अपेक्षा उसे बहुत कम भोजन मिलेगा

**16.** तेंदुए बच्चों को उठाने पर उतर आते हैं

(A) जब सामान्य भोजन उपलब्ध नहीं होता

(B) सामान्य भोजन उपलब्ध होने के बावजूद

(C) जब बाघ, भैंसों का शिकार करते हैं

(D) जब वे गाँव में प्रवेश करते हैं

**17.** निम्न कथनों में से कौन-सा असत्य है?

(A) बाघों की गाँव अथवा घरों में भी प्रवेश करने की सम्भावना अधिक होती है।

(B) तेंदुओं की गाँव अथवा घरों में भी प्रवेश करने की सम्भावना अधिक होती है।

(C) बाघ बच्चों का शिकार शायद ही करेगा।

(D) तेंदुओं का सामान्य भोजन कुत्ते, बकरियाँ और मुर्गे होते हैं।

**18.** जिम कॉर्बेट ने कहा था कि

(A) तेंदुए चालाक जानवर हैं

(B) बाघ चालाक जानवर हैं

(C) तेंदुए सज्जन हैं

(D) बाघ सज्जन हैं

**19.** तेंदुए

(A) केवल बच्चों को खाते हैं

(B) केवल कुत्तों और बकरियों को खाते हैं

(C) केवल मुर्गों को खाते हैं

(D) कुत्ते, बकरियों, मुर्गों और बच्चों को खाते हैं

**13.** Disappoint : The manager was disappointed with the performance of the programmer.

(A) Unhappy because expectations are not met

(B) Happy because expectations are met

(C) Impressed with the performance

(D) Afraid

**14.** Break : The tennis player broke the earlier world record.

(A) Surpass

(B) Fail to meet

(C) Refused to play

(D) Cheated

**Directions** (Question Nos. **15** to **19**) **:** Read the following excerpt and answer the questions asked at the end. The answers to the questions should be based on the excerpt.

Panthers or leopards are more cunning than tigers; a tiger is a gentleman when all is said and done—at least that is what Jim Corbett had said. A panther is more likely to enter a village or even a house than a tiger is. He will lie in wait beside a hut for an unsuspecting child to come out, [and] then seize him by the neck. There will be no sound, the child just disappears. A tiger will rarely trouble himself with a child, there is too little in it for him. It is a question of cost-benefit. The energy he will expend in capturing and killing a child provides him with very little food. He would rather kill a buffalo or other hoofed wild game, which provides him with much more food. A tiger weighs 180–230 kilos, while a panther may be around 50 kilos or so. Panthers sometimes take to child lifting even though normal food like dogs, goats and chicken are easily available.

**15.** A tiger would rather kill a buffalo than a child

(A) because it is easy to kill a buffalo

(B) because it is hard to kill a child

(C) because tigers are not cunning

(D) because the energy the tiger will expend in capturing and killing a child gives him very little food

**16.** Panthers take to child lifting

(A) when normal food is not available

(B) even when normal food is available

(C) when tigers hunt for buffaloes

(D) when they enter villages

**17.** Which one of the following statements is false?

(A) Tigers are more likely to enter a village or even a home.

(B) Panthers are more likely to enter a village or even a home.

(C) Tigers will rarely hunt children.

(D) Dogs, goats and chicken are normal food for panthers.

**18.** Jim Corbett said that

(A) panthers are cunning animals

(B) tigers are cunning animals

(C) panthers are gentlemen

(D) tigers are gentlemen

**19.** Panthers

(A) eat only children

(B) eat only dogs and goats

(C) eat only chicken

(D) eat dogs, goats, chicken and children

निर्देश (प्रश्न सं० **20** से **24**) : निम्नलिखित लेखांश को पढ़िये और उसके अंत में दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नों के उत्तर लेखांश पर आधारित होने चाहिए।

उष्णकटिबंधीय कीटों के विभिन्न समूहों में तितलियों और चीटियों को वर्गीकरण विज्ञान में, शायद सबसे अच्छी तरह से जाना जाता है। जबकि तितलियाँ पर्यावरण बदलाव की सबसे अच्छी संकेतक हो सकती हैं, वयस्क तितलियाँ केवल कुछ पारिस्थितिक उपयुक्त स्थान को भरती हैं। अधिकांश प्रजातियाँ परागणकर्ता अथवा सफाई करने वाली होती हैं। इसके विपरीत, चीटियाँ किसी भी पारिस्थितिक व्यवस्था में एक बहुत अधिक परिवर्तनशील भूमिका निभाती हैं। चीटियों को अधिकांश स्थलीय जगत को चलाने में एक मुख्य मिट्टी को उलट-पलट करने वाली और ऊर्जा चैनल को देने वाली मानी जाती है। किसी भी स्थलीय पारिस्थितिक व्यवस्था में, चीटियाँ भी परभक्षी, परागणकर्ता, फसल काटने वाली और अपघटनकर्ता की भूमिका निभाती हैं।

**20.** निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?

(A) चीटियाँ और तितलियाँ दोनों परागणकर्ता की भूमिका निभाती हैं।

(B) तितलियाँ परागणकर्ता की भूमिका निभाती हैं पर चीटियाँ नहीं।

(C) चीटियाँ परागणकर्ता की भूमिका निभाती हैं पर तितलियाँ नहीं।

(D) न ही चीटियाँ और न तितलियाँ परागणकर्ता की भूमिका निभाती हैं।

**21.** तितलियाँ

(A) वर्गीकरण विज्ञान में अच्छी तरह से नहीं जानी जाती हैं

(B) पर्यावरण बदलाव की अच्छी संकेतक हैं

(C) परभक्षी, परागणकर्ता, फसल काटने वाली और अपघटनकर्ता होती हैं

(D) अधिकांश स्थलीय व्यवस्था को चलाती हैं

**22.** चीटियों को अधिकांश स्थलीय व्यवस्था को चलाने वाला माना जाता है, क्योंकि

(A) वे परागणकर्ता और सफाई करने वाली होती हैं

(B) वे वर्गीकरण विज्ञान में अच्छी तरह से जानी जाती हैं

(C) वे पारिस्थितिक व्यवस्था में एक परिवर्तनशील भूमिका निभाती हैं

(D) वे मुख्य रूप से मिट्टी को उलट-पलट करने वाली और ऊर्जा चैनल को देने वाली होती हैं

**23.** चीटियाँ और तितलियाँ

(A) पर्यावरण बदलाव की अच्छी संकेतक हैं

(B) उष्णकटिबंधीय कीट हैं

(C) वर्गीकरण विज्ञान में अच्छी तरह से नहीं जानी जाती हैं

(D) पारिस्थितिक व्यवस्था में कोई भूमिका नहीं निभाती

**24.** तितलियों की अधिकांश जातियाँ परागणकर्ता और सफाई करने वाली होती हैं। अतः

(A) वे चीटियों की अपेक्षा, पारिस्थितिक व्यवस्था में एक परिवर्तनशील भूमिका निभाती हैं

(B) वे अधिकांश स्थलीय व्यवस्था को चलाती हैं

(C) उनको वर्गीकरण विज्ञान में अच्छी तरह से जाना जाता है

(D) वे केवल कुछ ही पारिस्थितिक उपयुक्त स्थान को भरती हैं

**Directions** (Question Nos. **20** to **24**) : Read the following excerpt and answer the questions asked at the end. The answers to the questions should be based on the excerpt.

Of the different groups of tropical insects, butterflies and ants are probably the most taxonomically well-known. While butterflies can be very good indicators of environmental changes, the adults fill only a few ecological niches, most species being pollinators or scavengers. Ants, on the contrary, play a much more variable role in any ecosystem. Ants are considered to run much of the terrestrial world as the premier soil turners and channelers of energy. They also play the role of predators, pollinators, harvesters and decomposers in any terrestrial ecosystem.

**20.** Which one of the following statements is true?

(A) Both ants and butterflies play the role of pollinators.

(B) Butterflies play the role of pollinators, ants do not.

(C) Ants play the role of pollinators, butterflies do not.

(D) Neither ants nor butterflies play the role of pollinators.

**21.** Butterflies

(A) are taxonomically not very well-known

(B) are good indicators of environmental changes

(C) are predators, pollinators, harvesters and decomposers

(D) run much of the terrestrial system

**22.** Ants are considered to run much of the terrestrial system as

(A) they are the pollinators and scavengers

(B) they are well-known taxonomically

(C) they play variable role in the ecosystem

(D) they are premier soil turners and channelers of energy

**23.** Ants and butterflies

(A) are good indicators of environmental changes

(B) are tropical insects

(C) are not well-known taxonomically

(D) play no role in the ecosystem

**24.** Most species of butterflies are pollinators and scavengers. Hence

(A) they play a variable role in any ecosystem as compared to ants

(B) they run much of the terrestrial system

(C) they are very well-known taxonomically

(D) they fill only a few ecological niches

**25.** भारत को गंभीर ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ रहा है। पर्यावरण-संबंधी चिंताओं से समझौता किए बिना इस संकट का सामना करने के लिए सरकार के समक्ष सबसे अच्छा विकल्प है

(A) लोगों को खाना पकाने के लिए पेड़ काटने की अनुमति देना

(B) सौर पैनलों को बड़े क्षेत्रों में स्थापित किया जाना

(C) परमाणु सुरक्षा के मुद्दों के बारे में चिंता किए बिना परमाणु ऊर्जा का उपयोग किया जाना

(D) लोगों को और अधिक डीज़ल जेनरेटरों के उपयोग की अनुमति देना

**26.** एक व्यक्ति ने अपने मित्र से उसकी नई खरीदी हुई कार का रजिस्ट्रेशन नम्बर पूछा। सीधा उत्तर देने के बजाय, उसने इस प्रकार से उत्तर दिया—रजिस्ट्रेशन नम्बर में चार अक्षर और छः अंक हैं। पहले दो अक्षर मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट और अन्तिम तीन अक्षर एक लेखन उपकरण को दर्शाते हैं। सभी अंकों का योग करने पर 20 आता है और पहले दो अंकों का योग 3 है। रजिस्ट्रेशन नम्बर है

(A) MP12AT5435

(B) MP12AW5345

(C) MP12EN3456

(D) MP03EN5435

**27.** खेती को प्रोत्साहित करने के लिए, जिला प्रशासन ने मुफ्त बीज और रिआयती उर्वरकों की आपूर्ति करने का निर्णय लिया। इसका अर्थ है कि

(A) उर्वरक सस्ते हैं

(B) बीज, उर्वरकों से सस्ते हैं

(C) बहुत-से लोग खेती पसंद करते हैं

(D) बहुत-से लोग खेती छोड़कर जा रहे हैं

**28.** लगभग सभी देशों की सरकारों के राष्ट्राध्यक्षों ने $CO_2$ उत्सर्जन को कम करने के लिए तत्काल पहल करने का निर्णय लिया है क्योंकि अब तक उठाये गये कदमों के अच्छे परिणाम नहीं निकले। यह दर्शाता है कि

(A) अतीत में कोई कदम नहीं उठाया गया

(B) अतीत में लिए गये कदम बहुत अच्छे थे

(C) आज $CO_2$ उत्सर्जन के कारण चुनौती बहुत गंभीर हो गई है

(D) अतीत में $CO_2$ उत्सर्जन के कारण कोई चुनौती नहीं थी

**29.** मैत्री महत्त्वपूर्ण है, लेकिन सही मित्र चुनना और अधिक महत्त्वपूर्ण है। अन्यथा, मैत्री एक बोझ बन जाती है। इसका तात्पर्य है कि

(A) बहुत से मित्र होने चाहिए

(B) मैत्री हमेशा अच्छी होती है

(C) यदि अच्छे मित्र नहीं मिलते, तो इससे अच्छा है कि कोई मित्र न हो

(D) मैत्री हमेशा एक बोझ होती है

**30.** विद्यालय के नये प्रधानाचार्या ने स्कूल के प्रत्येक छात्र से आग्रह किया है कि वह कम-से-कम एक पाठ्यक्रम इतर गतिविधि को ले। उनकी राय है कि पढ़ाई और पाठ्यक्रम इतर गतिविधियाँ एक साथ चलनी चाहिए। प्रधानाचार्या सोचती हैं कि

(A) पाठ्यक्रम इतर गतिविधियाँ, पढ़ाई के समान महत्त्वपूर्ण हैं

(B) उनके प्रधानाचार्य पद ग्रहण के पूर्व पढ़ाई को उपेक्षित किया गया

(C) विद्यालय में पाठ्यक्रम इतर गतिविधियों के लिए अच्छी प्रतिभा है

(D) प्रत्येक छात्र कई पाठ्यक्रम इतर गतिविधियों में भाग लेगा

25. India faces severe energy crisis. In order to meet this crisis without compromising the environmental concerns, the best option before the government is to

(A) allow people to cut trees to use for cooking

(B) go for large area installation of solar panels

(C) go for nuclear energy without worrying about the nuclear safety issues

(D) allow people to use more diesel generators

26. A person asked his friend about the registration number of his newly purchased car. Instead answering directly, he answered this way—The registration number has four alphabets and six digits. The first two alphabets represent the Member of Parliament and the last three alphabets represent a writing instrument. The sum of all the digits gives 20 and the sum of the first two digits is 3. The registration number is

(A) MP12AT5435

(B) MP12AW5345

(C) MP12EN3456

(D) MP03EN5435

27. In order to encourage farming, the district administration decided to supply free seeds and subsidized fertilizers. This means

(A) the fertilizers are cheap

(B) seeds are cheaper than the fertilizers

(C) many people like farming

(D) many people are moving away from farming

28. Heads of governments of almost all the countries have decided to take many urgent initiatives to reduce $CO_2$ emission since the steps taken so far are not found to be yielding good results. This shows that

(A) there were no steps taken in the past

(B) the steps taken in the past were very good

(C) the challenge due to $CO_2$ emission is very serious today

(D) there was no challenge due to $CO_2$ emission in the past

29. Friendship is important, but choosing the correct friends is more important. Otherwise, friendship becomes a burden. This implies that

(A) one should have many friends

(B) friendship is always good

(C) it is better to have no friends if one cannot get good friends

(D) friendship is always a burden

30. The new Principal of the school has urged each student in the school to take up at least one extra-curricular activity. She is of the opinion that studies and the extra-curricular activities should go hand in hand. The Principal thinks that

(A) extra-curricular activities are as important as studies

(B) studies were neglected before she took over as Principal

(C) the school has a good talent in extra-curricular activities

(D) every student will take many extra-curricular activities

**31.** सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान को लागू करने के लिए बहुत-से कदम उठाये हैं। इस आंदोलन का राजदूत बनने के लिए कई सुप्रसिद्ध व्यक्तियों से अनुरोध किया गया है। यह दर्शाता है कि

(A) सुप्रसिद्ध व्यक्ति सरकार से बेहतर काम करेंगे

(B) सुप्रसिद्ध व्यक्ति इस कार्यक्रम को आर्थिक योगदान देंगे

(C) सुप्रसिद्ध व्यक्तियों के द्वारा और अधिक नागरिकों को इस कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया जा सकता है

(D) सरकार इस कार्यक्रम को क्रियान्वित करने में बहुत गंभीर नहीं है

**32.** सभी चमकने वाली वस्तुयें सोना नहीं होती। इसका अर्थ है कि

(A) किसी व्यक्ति को उसके रूप-रंग के आधार पर आँकना नहीं चाहिए

(B) किसी व्यक्ति के बारे में सही अनुमान उसके रूप-रंग से हमेशा हो जाता है

(C) एक कांतिवान व्यक्ति निश्चित रूप से अच्छा होता है

(D) एक कांतिवान व्यक्ति कभी अच्छा नहीं होगा

**निर्देश** (प्रश्न सं० **33** से **38**) : निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दिये गये हैं। आपको दिये गये पूर्वधारणाओं पर विचार करके तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में प्रभावशाली है/हैं। दिये गये विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए।

**33.** कथन :

आजकल नदियों का संरक्षण बहुत महत्त्वपूर्ण है।

पूर्वधारणा I :

यह जल संकट को कम करेगा।

पूर्वधारणा II :

यह हमारे पारिस्थितिक जीवन-तंत्र की रक्षा करेगा।

(A) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है

(B) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

(C) पूर्वधारणाएँ I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो पूर्वधारणा I और न ही II प्रभावशाली है

**34.** कथन :

बहुत-सी सरकारी सेवाओं को अब सूचना के अधिकार (आर० टी० आइ०) अधिनियम के अन्तर्गत लाया गया है।

पूर्वधारणा I :

इससे और अधिक पारदर्शिता आयेगी।

पूर्वधारणा II :

इससे और अधिक जबावदेही आयेगी।

(A) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है

(B) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

(C) पूर्वधारणाएँ I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो पूर्वधारणा I और न ही II प्रभावशाली है

**35.** कथन :

सभी नागरिकों को निचले न्यायालय के निर्णयों को उच्च न्यायालय में चुनौती देने का अधिकार है।

पूर्वधारणा I :

निचले न्यायालय कुशल नहीं हैं, जबकि उच्च न्यायालय बेहतर हैं।

पूर्वधारणा II :

निर्णय में त्रुटि की सम्भावना हो सकती है।

(A) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है

(B) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

(C) पूर्वधारणाएँ I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो पूर्वधारणा I और न ही II प्रभावशाली है

**31.** The government has taken many steps to implement Swachh Bharat Abhiyan. It has requested many celebrities to become ambassadors of this movement. This shows that

(A) the celebrities will do a better job than the government

(B) the celebrities will contribute financially to this programme

(C) more citizens can be motivated into this programme by the celebrities

(D) the government is not very serious in executing this programme

**32.** All that glitters is not gold. This means that

(A) one should not judge a person by his appearance

(B) appearance always gives the correct idea about a person

(C) a shining person is definitely good

(D) a shining person will never be good

**Directions** (Question Nos. **33** to **38**) **:** In each of the questions below is given a statement followed by two assumptions I and II. Consider the assumptions and decide which of them is/are strong in the given statement. Choose the correct answer from the given alternatives.

**33.** Statement :

Conservation of rivers is very important today.

Assumption I :

It will reduce water scarcity.

Assumption II :

It protects our ecosystem.

(A) Assumption I is strong

(B) Assumption II is strong

(C) Assumptions I and II are strong

(D) Neither assumption I nor II is strong

**34.** Statement :

Many services related to government are now brought under the Right to Information (RTI) Act.

Assumption I :

It will bring in more transparency.

Assumption II :

It will bring in more accountability.

(A) Assumption I is strong

(B) Assumption II is strong

(C) Assumptions I and II are strong

(D) Neither assumption I nor II is strong

**35.** Statement :

All citizens have the right to challenge a lower court verdict in higher courts.

Assumption I :

Lower courts are not efficient, while the higher ones are better.

Assumption II :

The possibility of error in the judgement may exist.

(A) Assumption I is strong

(B) Assumption II is strong

(C) Assumptions I and II are strong

(D) Neither assumption I nor II is strong

**36.** कथन :

बहुत-से देशों में संसदीय लोकतंत्र काम करता है।

पूर्वधारणा I :

यह जनता की समग्र राय का प्रतिनिधित्व करता है।

पूर्वधारणा II :

यह हमेशा लोगों की आकांक्षाओं को परिपूर्ण करता है।

(A) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है

(B) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

(C) पूर्वधारणाएँ I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो पूर्वधारणा I और न ही II प्रभावशाली है

**37.** कथन :

लगभग सभी नियुक्तियों में पहले के एक अथवा दो वर्ष परिवीक्षा के होते हैं और नौकरी का स्थायीकरण परिवीक्षा की अवधि के बाद होता है।

पूर्वधारणा I :

नियोक्ता को कर्मचारी के बारे में ज्यादा पता नहीं होता।

पूर्वधारणा II :

नियोक्ता परिवीक्षा अवधि के दौरान अधिक काम करवाना चाहता है।

(A) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है

(B) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

(C) पूर्वधारणाएँ I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो पूर्वधारणा I और न ही II प्रभावशाली है

**38.** कथन :

आजकल कई प्रवेश परीक्षाएँ 'ऑफलाइन' से 'ऑनलाइन' परीक्षाओं में धीरे-धीरे परिवर्तित हो रही हैं।

पूर्वधारणा I :

ऑनलाइन प्रणाली अधिक कुशल है।

पूर्वधारणा II :

ऑनलाइन प्रणाली और अधिक रोजगार के अवसर पैदा करती हैं।

(A) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है

(B) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

(C) पूर्वधारणाएँ I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो पूर्वधारणा I और न ही II प्रभावशाली है

**निर्देश** (प्रश्न सं० **39** से **42**) : निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है और उसके नीचे दो तर्क I और II दिये गये हैं। आपको दिये गये तर्कों पर विचार करके तय करना है कि कौन-सा/से तर्क प्रभावशाली है/हैं। दिये गये विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए।

**39.** कथन :

मेट्रो शहरों के सभी घरों में जल आपूर्ति में कमी है। यह आंशिक रूप से पाइपलाइनों में जल के भारी रिसाव के कारण है।

तर्क I :

अनुरक्षण 24 × 7 होना चाहिए और जल-रिसाव को बन्द करना चाहिए।

तर्क II :

हमको और अधिक जल उसी अथवा कम खर्चे पर पंप करना चाहिए।

(A) तर्क I प्रभावशाली है

(B) तर्क II प्रभावशाली है

(C) तर्क I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो तर्क I और न ही II प्रभावशाली है

**36.** Statement :

Parliamentary democracy works in many countries.

Assumption I :

It represents the overall opinion of the public.

Assumption II :

It always fulfills people's aspirations.

(A) Assumption I is strong

(B) Assumption II is strong

(C) Assumptions I and II are strong

(D) Neither assumption I nor II is strong

**37.** Statement :

For most of the appointments, initial one or two years are treated as probation and the service is confirmed only after the probation period.

Assumption I :

The employer does not know much about the recruitee.

Assumption II :

The employer wants to extract more work during the probation.

(A) Assumption I is strong

(B) Assumption II is strong

(C) Assumptions I and II are strong

(D) Neither assumption I nor II is strong

**38.** Statement :

Nowadays many entrance examinations are slowly getting shifted from 'offline' to 'online' examinations.

Assumption I :

Online system is more efficient.

Assumption II :

Online system creates more job opportunities.

(A) Assumption I is strong

(B) Assumption II is strong

(C) Assumptions I and II are strong

(D) Neither assumption I nor II is strong

**Directions** (Question Nos. **39** to **42**) **:** In each of the questions below is given a statement followed by two arguments I and II. Consider the arguments and decide which is/are strong. Choose the correct answer from the given alternatives.

**39.** Statement :

In metro cities, there is shortage of water supply to all the houses. This is partly due to the huge leakage of water from water pipelines.

Argument I :

There should be $24 \times 7$ maintenance and water leakage should be fixed.

Argument II :

With the same or less expense, we should pump more water.

(A) Argument I is strong

(B) Argument II is strong

(C) Arguments I and II are strong

(D) Neither argument I nor II is strong

**40.** कथन :

डाइविंग के समय मोबाइल फोनों के उपयोग पर प्रतिबन्ध लगा दिया जाना चाहिए।

तर्क I :

हाँ, इसके कारण सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं।

तर्क II :

नहीं, इससे व्यापार में बाधा आयेगी।

(A) तर्क I प्रभावशाली है

(B) तर्क II प्रभावशाली है

(C) तर्क I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो तर्क I और न ही II प्रभावशाली है

**41.** कथन :

बहुत-से राज्यों में 6 वर्ष की आयु से कम के बच्चों को कक्षा I में भर्ती नहीं किया जा सकता।

तर्क I :

बच्चे में आवश्यक मानसिक और शारीरिक विकास होना चाहिए।

तर्क II :

प्रारंभिक वर्षों में बच्चे को अपने माता-पिता के साथ होना चाहिए।

(A) तर्क I प्रभावशाली है

(B) तर्क II प्रभावशाली है

(C) तर्क I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो तर्क I और न ही II प्रभावशाली है

**42.** कथन :

क्या शिक्षा को कक्षा XII तक के सभी बच्चों के लिए अनिवार्य कर देना चाहिए?

तर्क I :

नहीं, इससे विद्यालय की शिक्षा को बीच में ही छोड़नेवाले बच्चों को रोजगार देने वाले उद्योगों पर प्रभाव पड़ेगा।

तर्क II :

हाँ, विद्यालय की शिक्षा, उच्च शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए आधार बनाती है।

(A) तर्क I प्रभावशाली है

(B) तर्क II प्रभावशाली है

(C) तर्क I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो तर्क I और न ही II प्रभावशाली है

**43.** नीचे दी गई तालिका के स्तंभों के अंकों में एक निश्चित सम्बन्ध पर विचार कीजिए :


| | | |
|---|---|---|
| 6 | 18 | 15 |
| 4 | 3 | $x$ |
| 3 | 2 | 5 |
| 8 | 27 | 9 |

कौन-सा अंक '$x$' के स्थान पर लुप्त है?

(A) 11 (B) 2

(C) 6 (D) 3

**44.** निम्न चित्रों में से कौन-सा एक बेमेल है?



(1) (2) (3) (4)

(A) (1) (B) (2)

(C) (3) (D) (4)

**40.** Statement :

Using mobile phones while driving should be banned.

Argument I :

Yes, it causes road accidents.

Argument II :

No, it will hamper business.

(A) Argument I is strong

(B) Argument II is strong

(C) Arguments I and II are strong

(D) Neither argument I nor II is strong

**41.** Statement :

Children below 6 years cannot be admitted to Class I in many States.

Argument I :

The child should have the necessary mental and physical growth.

Argument II :

The child should be with their parents in the initial years.

(A) Argument I is strong

(B) Argument II is strong

(C) Arguments I and II are strong

(D) Neither argument I nor II is strong

**42.** Statement :

Should education be made compulsory for all children up to Class XII?

Argument I :

No, industries employing school dropped-out children will be affected.

Argument II :

Yes, school education forms the basis for higher education and a better future.

(A) Argument I is strong

(B) Argument II is strong

(C) Arguments I and II are strong

(D) Neither argument I nor II is strong

**43.** Consider the numbers bearing certain relationship among themselves along the columns in the table below :


| | | |
|---|---|---|
| 6 | 18 | 15 |
| 4 | 3 | $x$ |
| 3 | 2 | 5 |
| 8 | 27 | 9 |

Which one of the following numbers is the missing number indicated above by '$x$'?

(A) 11 (B) 2

(C) 6 (D) 3

**44.** Which one of the following figures is the odd one?




(1) (2) (3) (4)


(A) (1) (B) (2)

(C) (3) (D) (4)

**45.** चित्र (P), (Q), (R), (S) में एक विशेष लक्षण की समानता है। नीचे चित्र (1), (2), (3), (4) में से किसी एक चित्र की पहचान कीजिए, जिसमें उसी लक्षण की समानता हो।



(P) (Q) (R) (S)



(1) (2) (3) (4)

(A) (1)

(B) (2)

(C) (3)

(D) (4)

**46.** निम्नलिखित शब्द की एक ऊर्ध्वाकार दर्पण में प्रतिबिम्ब को पहचानिए :




(A) INꓷOЯƎ

(B) IИꓷOЯƎ

(C) INDORE

(D) ƎЯOꓷИI

**47.** मान लीजिए कि (i) अभय, भास्कर से लंबा है; (ii) चंद्र अभय से लंबा है; (iii) ईश्वर, चंद्र से लंबा है, और धीरज सबसे लंबा है। यदि इन सबको उनकी लंबाई के अनुसार बैठाया जाता है, तो मध्य स्थान पर कौन बैठेगा?


(A) अभय

(B) भास्कर

(C) चंद्र

(D) धीरज

**48.** जब एक पाँसे को चार बार फेंका जाता है, तो प्रत्येक बार निम्न परिणाम आते हैं :




निम्न संख्याओं में से कौन-सी संख्या पाँसे में '3' के विपरीत पार्श्व में है?

(A) 1

(B) 4

(C) 5

(D) 6

**49.** एक विशेष संकेत भाषा में, DAM को WZN लिखा जाता है। उसी संकेत भाषा में TABLE को कैसे लिखा जायेगा?


(A) GZYOV

(B) EYXNU


(C) FZXNU

(D) HZANW

**45.** The figures (P), (Q), (R), (S) have certain common features. Identify a figure amongst the figures (1), (2), (3), (4) which has those similar common features.



(P) (Q) (R) (S)



(1) (2) (3) (4)

(A) (1)

(B) (2)

(C) (3)

(D) (4)

**46.** Identify the correct vertical mirror image of the following word :


INDORE 

*Mirror*

(A) 

(B) 

(C) INDORE

(D) 

**47.** Consider that (i) Abhay is taller than Bhaskar; (ii) Chandra is taller than Abhay; (iii) Eswar is taller than Chandra, and Dhiraj is the tallest of all. If they are made to sit in the above order of their heights, who will occupy the mid-position?


(A) Abhay

(B) Bhaskar

(C) Chandra

(D) Dhiraj

**48.** When a dice has been thrown four times, it produces the following result each time :




Which one of the following numbers appears opposite to the number '3' in the dice?

(A) 1

(B) 4

(C) 5

(D) 6

**49.** In a certain code language, DAM is written as WZN. How will TABLE be written in the same code?

(A) GZYOV

(B) EYXNU

(C) FZXNU

(D) HZANW

निर्देश : निम्नलिखित जानकारी के आधार पर प्रश्न सं० **50** से **53** का उत्तर दीजिए।

दो परिवार के लोग एक गोल मेज के चारों तरफ बैठकर रात के खाने का आनन्द ले रहे हैं। ये सब लोग इस प्रकार से बैठे हैं कि सबका मुख मेज के केन्द्र की तरफ है और किसी भी दो बगल के लोगों के बीच की दूरी एकसमान है। दोनों परिवारों का विवरण नीचे दिया गया है :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| *परिवार* I : | अरुण (पति) | आशा (पत्नी) | अरूप (पुत्र) | अंजली (पुत्री) |
| *परिवार* II : | भास्कर (पति) | बीना (पत्नी) | बीजू (पुत्र) | बृंदा (पुत्री) |

ऊपर के लोगों के बैठने का विवरण निम्नलिखित है :

- अरुण और भास्कर ठीक आमने-सामने बैठे हैं
- आशा और बीना ठीक आमने-सामने बैठी हैं
- आशा मेज के सबसे पूर्वी स्थान पर बैठी है
- भास्कर अपनी पत्नी के ठीक दाहिनी तरफ बैठा है
- पुत्र अपने-अपने पिताओं के बगल में बैठे हैं
- पुत्रियाँ अपनी-अपनी माताओं के बगल में बैठी हैं

**50.** मेज के सबसे उत्तरी स्थान पर कौन बैठा है?

(A) बीजू (B) अरूप

(C) भास्कर (D) अरुण

**51.** बीजू के दाहिनी तरफ कौन बैठा है?

(A) अंजली (B) बृंदा

(C) अरुण (D) भास्कर

**52.** भास्कर के ठीक बगल में बैठे लोग हैं

(A) बीजू और आशा

(B) बीजू और बीना

(C) अरूप और बीना

(D) बीजू और बृंदा

**53.** बीना के ठीक उत्तर-पूर्व दिशा में कौन बैठा है?

(A) अरूप

(B) बीजू

(C) अंजली

(D) बृंदा

**54.** एक गोल डायल वाली घड़ी में घंटा, मिनट और सेकंड की तीन सुइयाँ हैं। तीनों सुइयाँ 12:00 बजे ठीक एक के ऊपर एक होती हैं। 12:10 बजे घंटा और सेकंड वाली सुइयों के बीच का कोण कितने डिग्री होगा?

(A) 25 (B) 2

(C) 5 (D) 55

**55.** कंचन बिन्दु *A* पर खड़ा है और उसका मित्र कुमार बिन्दु *B* पर खड़ा है जो कंचन के ठीक पूर्व दिशा में है। कंचन सीधे उत्तर दिशा की ओर चलना आरम्भ करता है। ठीक उसी समय कुमार भी कंचन की दुगनी गति से सीधे चलना आरम्भ कर देता है। कंचन के 5 कि० मी० चलने के बाद, कंचन और कुमार दोनों एक-दूसरे से मिल जाते हैं। *A* और *B* के बीच की दूरी कितनी है?

(A) $5\sqrt{3}$ कि० मी० (B) $3\sqrt{5}$ कि० मी०

(C) $2\sqrt{3}$ कि० मी० (D) $3\sqrt{2}$ कि० मी०

**56.** यदि $6 \times 4 = 12$, $7 \times 5 = 20$, $5 \times 8 = 21$, तब $5 \times 7 = ?$

(A) 20 (B) 18

(C) 24 (D) 35

**Directions :** Answer Question Nos. **50** to **53**, based on the following information.

There are two families enjoying dinner around a round table, facing its centre. The distance between any neighbouring people is same. The details of the two families are as follows :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| *Family* I : | Arun (Husband) | Asha (Wife) | Arup (Son) | Anjali (Daughter) |
| *Family* II : | Bhaskar (Husband) | Beena (Wife) | Biju (Son) | Brinda (Daughter) |

The above people are sitting with the following details :

- Arun is sitting diametrically opposite to Bhaskar
- Asha is sitting diametrically opposite to Beena
- Asha is sitting at the Eastmost position around the table
- Bhaskar is sitting just to the right of his wife
- The sons are sitting next to their fathers
- The daughters are sitting next to their mothers

**50.** Who is sitting at the Northmost point of the table?

(A) Biju (B) Arup

(C) Bhaskar (D) Arun

**51.** Who is sitting to the right of Biju?

(A) Anjali (B) Brinda

(C) Arun (D) Bhaskar

**52.** The immediate neighbours of Bhaskar are

(A) Biju and Asha

(B) Biju and Beena

(C) Arup and Beena

(D) Biju and Brinda

**53.** Who is sitting in the exact North-East direction of Beena?

(A) Arup

(B) Biju

(C) Anjali

(D) Brinda

**54.** A circular clock has all the three hands—hour, minute and second. All the three hands coincide at 12:00 hours. What is the angle, in degrees, between the hour and second hands at 12:10 hours?

(A) 25 (B) 2

(C) 5 (D) 55

**55.** Kanchan is standing at a point *A* and his friend, Kumar, is standing at a point *B*, which is exactly in the East direction of Kanchan. Kanchan starts walking straight in the North direction. At the same time, Kumar also starts walking straight at double the speed of Kanchan. Both Kanchan and Kumar meet each other after Kanchan has walked 5 km. The distance between *A* and *B* is equal to

(A) $5\sqrt{3}$ km (B) $3\sqrt{5}$ km

(C) $2\sqrt{3}$ km (D) $3\sqrt{2}$ km

**56.** If $6 \times 4 = 12$, $7 \times 5 = 20$, $5 \times 8 = 21$, then $5 \times 7 = ?$

(A) 20 (B) 18

(C) 24 (D) 35

**निर्देश** : निम्नलिखित जानकारी के आधार पर प्रश्न सं० **57** और **58** का उत्तर दीजिए।

छः व्यक्ति ($A$, $B$, $C$, $D$, $E$ और $F$) एक उपन्यास को पढ़ते हैं लेकिन उनके पास पुस्तक की केवल एक ही प्रति है। इसलिए उपन्यास को एक समय, एक ही व्यक्ति पढ़ सकता है। उनके उपन्यास को पढ़ने की विधि को ध्यान से देखने पर निम्नलिखित बातें सामने आती हैं :

- दो व्यक्तियों ने $E$ से पहले उपन्यास को पढ़ लिया है
- $C$ अंतिम व्यक्ति को उपन्यास देता है
- $F$ के पढ़ने के पहले, $B$ और $D$ ने उपन्यास को पढ़ना समाप्त कर दिया है
- $A$ और $F$ के बीच तीन व्यक्ति हैं, जो पुस्तक पढ़ चुके हैं
- $A$ को $D$ से उपन्यास नहीं मिलता

**57.** उपन्यास को पढ़ने वाला पहला व्यक्ति कौन है?

(A) $D$

(B) $A$

(C) $B$

(D) $F$

**58.** उपन्यास को पढ़ने वाला चौथा व्यक्ति कौन था?

(A) $D$

(B) $A$

(C) $B$

(D) $F$

**59.** आज, पिता की उम्र अपने पुत्र की उम्र से दोगुनी है। बीस साल बाद पिता की उम्र, अपने पुत्र की आज की उम्र से तीन गुनी हो जायेगी। आज पुत्र की उम्र कितने वर्ष है?

(A) 10 वर्ष

(B) 20 वर्ष

(C) 30 वर्ष

(D) 40 वर्ष

**60.** एक विशेष पाँसा इस प्रकार से बनाया गया है कि प्रत्येक पार्श्व पर 1 से 6 तक की संख्याओं में से एक संख्या अंकित है। इस पाँसे को फेंकने के बाद यह स्थिर हो जाता है। इस स्थिति में यह देखा गया कि ऊपर और नीचे वाले पार्श्व को छोड़कर, सभी पार्श्वों की संख्याओं का योग 10 के बराबर आता है। पाँसे के ऊपर और नीचे वाले पार्श्वों पर कौन-सी संख्याएँ होंगी?

(A) 4 और 5

(B) 4 और 6

(C) 5 और 6

(D) 2 और 6

**61.** एक कार्यालय में कक्षों की संख्या विषम है। हर एक कक्ष में पंखे एवं बल्ब लगे हैं। हर एक कक्ष में लगे बल्बों की संख्या, उस कक्ष में लगे पंखों की संख्या की दुगनी है। सारे कक्षों में बल्बों की संख्या समान है। सारे कक्षों के कुल पंखों व बल्बों की संख्या मिलाकर तीस है। कार्यालय में कुल कक्षों की संख्या कितनी है?

(A) 3 (B) 5

(C) 7 (D) 9

**62.** जिरॉक्स मशीन से एक पेज पर बने एक चित्र को मूल आकार से कम करके 75% कर दिया गया। इस प्रतिलिपि को फिर 20% और छोटा किया गया। अंतिम प्रतिलिपि में मूल चित्र के कितने प्रतिशत का आकार था?

(A) 15 (B) 10

(C) 12 (D) 18

**63.** एक दो-अंकीय संख्या का वर्गमूल लेने पर रूढ़ संख्या आती है। ऐसी संख्या के दोनों अंकों का योग है

(A) 8 (B) 13

(C) 10 (D) 15

**Directions** : Answer Question Nos. **57** and **58**, based on the following information.

Six persons (*A*, *B*, *C*, *D*, *E* and *F*) read a novel, for which there is only one copy with them. Therefore, only one person can read the novel at a time. The following are observed in the way they are reading this novel :

- Two persons have read the novel before *E*
- *C* gives the novel to the last person
- Before *F* reads, *B* and *D* have already finished reading the novel
- There are three persons who have read the book between *A* and *F*
- *A* does not receive the novel from *D*

**57.** Who is the first person to read the novel?

(A) *D*

(B) *A*

(C) *B*

(D) *F*

**58.** Who is the fourth person to read the novel?

(A) *D*

(B) *A*

(C) *B*

(D) *F*

**59.** Today, the age of the father is twice that of his son. Twenty years later, father will be thrice his son's age today. What is the age of the son today?

(A) 10 years

(B) 20 years

(C) 30 years

(D) 40 years

**60.** A special dice is made such that each side has one of the numbers from 1 to 6 marked on it. This dice comes to rest after being thrown. In this position, it is observed that all the numbers on the sides, other than the top and bottom of the dice, add up to a value equal to 10. The numbers on the top and bottom of the dice will be

(A) 4 and 5

(B) 4 and 6

(C) 5 and 6

(D) 2 and 6

**61.** An office has odd number of cabins. In each cabin, there are fans and bulbs fitted. The number of bulbs in each cabin is twice the number of fans in the cabin. All cabins have the same number of bulbs. The total number of bulbs and fans in all the cabins together is equal to thirty. How many cabins are there in the office?

(A) 3 (B) 5

(C) 7 (D) 9

**62.** A picture on a page was reduced on a Xerox copier to 75% of its original size and this copy was then reduced by 20%. What percentage of the size of the original picture was the final copy?

(A) 15 (B) 10

(C) 12 (D) 18

**63.** The square root of a two-digit number gives a prime number. The sum of the two digits of such a number is equal to

(A) 8 (B) 13

(C) 10 (D) 15

**64.** एक के बाद एक आने वाली पाँच संख्याओं का योग 665 से अधिक लेकिन 675 से कम है। इन पाँच संख्याओं के सेट में सम संख्याओं का योग है

(A) 406 (B) 404

(C) 402 (D) 400

**65.** एक टोकरी में लाल और नीली गेंदें हैं। इस टोकरी में से यदि एक लाल और एक नीली गेंद निकाल दी जाये, तो शेष गेंदों में लाल गेंदों की संख्या नीली गेंदों की संख्या से दुगनी हो जाती है। इसके बाद बची हुई गेंदों में से 3 लाल और 3 नीली गेंदें और निकाल दी जाती हैं। अवशेष लाल गेंदों की अंतिम संख्या, शेष नीली गेंदों की अंतिम संख्या से तीन गुनी पायी जाती है। टोकरी की आरंभिक स्थिति में नीली गेंदों की संख्या है

(A) 7 (B) 13

(C) 14 (D) 26

**66.** एक झील से एक शहर को जल आपूर्ति होती है। यह देखा गया है कि पहले और दूसरे महीने में शहर एक ही मात्रा में जल का उपभोग करता है। अगले चार महीनों में जल उपभोग की मासिक दर, पहले दो महीनों की तुलना में आधी रह जाती है। इसके बाद यह पर्यवेक्षित किया गया कि झील में शेष जल, आरंभिक मूल आयतन का आधा है। दूसरे महीने में उपभोग किये गये जल और झील के आरंभिक जल के आयतन का अनुपात है

(A) $\frac{1}{6}$ (B) $\frac{1}{8}$

(C) $\frac{1}{12}$ (D) $\frac{1}{10}$

**67.** किसी संख्या के घन और वर्ग में अंतर, उसकी दुगनी संख्या के वर्ग के बराबर देखी गई। संख्या है

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 8

**68.** रमेश अपनी मासिक आय का 40% आहार पर खर्च करता है। अपने पास बचे शेष धन से वह 10% फोन के बिल पर, 20% बिजली के बिल पर और 10% कपड़े धुलाई के बिल पर खर्च करता है। इन सब खर्चों के बाद उसके पास ₹ 7,200 बच जाते हैं। रमेश की मासिक आय है

(A) ₹ 16,364 (B) ₹ 36,000

(C) ₹ 20,000 (D) ₹ 22,909

**69.** एक घड़ी का वर्तमान चिह्नित मूल्य उसकी असली निर्माण लागत से 20% अधिक है। यदि दुकानदार घड़ी को चिह्नित मूल्य से 10% कम कीमत पर बेचने का निर्णय लेता है, तो दुकानदार कितने प्रतिशत लाभ कमायेगा?

(A) 8 (B) 10

(C) 12 (D) 14

**70.** तीन संख्याओं का एक अनुक्रम इस प्रकार से बनाया गया है कि अनुक्रम की अगली संख्या, पिछली संख्या का वर्ग है। इस अनुक्रम में तीन संख्याओं के कुल योग का परिमाण 50 और 99 के बीच में है। योग के पहले और दूसरे अंकों के अनुपात का परिमाण कितना है?

(A) 2 (B) 0·5

(C) 3 (D) 0·33

**71.** चार व्यक्तियों $P$, $Q$, $R$ और $S$ का औसत भार 40 कि० ग्रा० है। $Q$ का भार $P$ से दुगना, $S$ का भार $R$ से 10 कि० ग्रा० कम और $Q$ तथा $R$ के भार में अंतर 55 कि० ग्रा० है। $P$ और $S$ का कि० ग्रा० में भार है, क्रमशः

(A) 15 और 40 (B) 40 और 15

(C) 25 और 80 (D) 80 और 25

**64.** The sum of five consecutive numbers is greater than 665 but less than 675. The sum of the even numbers in the above set of five numbers is equal to

(A) 406 (B) 404

(C) 402 (D) 400

**65.** A basket contains red and blue balls. From this basket, if one each of red and blue balls are removed, it is observed that in the remaining balls, the red balls are twice in number to that of the blue balls. From these remaining balls, three each of red and blue balls are further removed, after which it is observed that the number of the final remaining red balls is thrice that of the remaining blue balls. The number of blue balls in the starting basket is equal to

(A) 7 (B) 13

(C) 14 (D) 26

**66.** A lake supplies water to a town. In the first and the second month, it is observed that the town consumes the same amount of water. For the next four months, the monthly rate of consumption of the water is reduced by half as compared to the first two months. After this, it is observed that the remaining water in the lake is half of the initial starting volume. The ratio of the water consumed in the second month to the starting capacity of the lake is equal to

(A) $\frac{1}{6}$ (B) $\frac{1}{8}$

(C) $\frac{1}{12}$ (D) $\frac{1}{10}$

**67.** The difference between cube and square of a number is observed to be square of twice of itself. The number is

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 8

**68.** Ramesh spends 40% of his monthly salary on food. Out of the remaining money left with him, he spends 10% on phone bill, 20% on electricity bill and 10% on laundry bill. After all the expenditure, he has ₹7,200 left with him. Ramesh's monthly salary is equal to

(A) ₹16,364 (B) ₹36,000

(C) ₹20,000 (D) ₹22,909

**69.** A clock is currently marked at a price, which is 20% more than its actual manufacturing cost. If a shopkeeper decides to sell the clock at a price which is 10% lesser than the marked price, what is the percentage of profit shopkeeper makes?

(A) 8 (B) 10

(C) 12 (D) 14

**70.** A sequence of three numbers is generated such that the next number in the sequence is square of the previous number. The total of all these three numbers in the sequence has a magnitude between 50 and 99. The magnitude of the ratio between the first and the second digit of the total is equal to

(A) 2 (B) 0·5

(C) 3 (D) 0·33

**71.** The average weight of four persons *P*, *Q*, *R* and *S* is equal to 40 kg. *Q* weighs twice of *P*, *S* weighs 10 kg less than *R* and the weight difference between *Q* and *R* is equal to 55 kg. The weights of *P* and *S*, in kg, respectively are

(A) 15 and 40 (B) 40 and 15

(C) 25 and 80 (D) 80 and 25

**72.** एक कक्षा का औसत अंक 40 है। कक्षा के एक छात्र को हटाने पर यह पाया गया कि कक्षा का नया औसत 30 हो जाता है। यह भी देखा गया कि इन बचे हुए छात्रों के अंकों का कुल योग, पूर्ण कक्षा के कुल योग का 60% है। कक्षा में कुल छात्रों की संख्या है

(A) 10 (B) 8


(C) 5 (D) 4

**73.** एक रसायन-विज्ञानी द्वारा एक घोल तैयार किया गया, जिसमें जल का आयतन, कुल आयतन का 30% है। इस घोल में 5 लिटर जल डालने पर यह देखा गया कि जल का आयतन बढ़कर 40% हो गया है। प्रारम्भिक घोल में जल कितने लिटर था?

(A) 35 (B) 30

(C) 14 (D) 9

**निर्देश** : प्रश्न संख्या **74** से **78** का उत्तर निम्नलिखित पाई चार्ट का अध्ययन करने के बाद दीजिए। यह पाई चार्ट ₹ 36,000 मासिक आय वाले परिवार के प्रतीकात्मक मासिक बजट को दिखाती है।




**74.** आहार और चिकित्सा के खर्चे के लिए बजट की राशियों का अंतर कितना है?

(A) ₹ 18,000 (B) ₹ 14,400

(C) ₹ 5,000 (D) ₹ 9,000

**75.** उस परिवार ने वर्तमान महीने में टेलीफोन बिल पर ₹ 3,800 खर्च किए। मान लीजिए बाकी सभी खर्चे यदि बजट के अनुसार हैं, तो परिवार ने इस वर्तमान महीने में कितने रुपये बचत/निवेश किए?

(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 1,200

(C) ₹ 2,800 (D) ₹ 7,200

**76.** किसी विशेष महीने में उस परिवार ने ₹ 4,500 आहार पर खर्च किए। इस माह बजट राशि का कितना प्रतिशत आहार पर खर्च किया गया?

(A) 40 (B) 50

(C) 60 (D) 80

**77.** किसी विशेष महीने में उस परिवार ने मनोरंजन की बजट राशि का केवल 80% खर्च किया, तो व्यय है

(A) ₹ 4,600 (B) ₹ 4,000

(C) ₹ 14,400 (D) ₹ 14,600

**78.** नवम्बर के महीने में परिवार का वेतन, पिछले महीने के मकान किराया, बच्चों की शिक्षा और टेलीफोन बिल के लिए कुल बजट की राशि के बराबर बढ़ जाता है। नवम्बर महीने के दौरान परिवार मकान किराया और बच्चों की शिक्षा के लिए पिछले वेतन (बढ़ने के पहले) पर आधारित बजट राशि के एकदम बराबर खर्च करता है। नवम्बर में बढ़े हुए वेतन के आधार पर, मकान किराये और बच्चों की शिक्षा पर कुल मिलाकर कितने प्रतिशत व्यय किए गए?

(A) 10 (B) 15

(C) 20 (D) 25

**79.** किसी दो-अंकीय संख्या का वर्गमूल, उसके दोनों अंकों के जोड़ के बराबर है। एक कक्षा के कुल विद्यार्थियों की संख्या ऐसी ही दो-अंकीय संख्या है। कक्षा में प्रेमा का स्थान ऐसा है कि उसके नीचे के विद्यार्थियों की संख्या, उसके ऊपर के विद्यार्थियों की संख्या की चार गुनी है। कक्षा में प्रेमा का स्थान है

(A) 13 (B) 15

(C) 17 (D) 19

**80.** वरुण 5 कि० मी० की दूरी 30 कि० मी० प्रति घंटा की चाल से तय करता है। फिर अगले 10 कि० मी० की दूरी वह 40 कि० मी० प्रति घंटा की चाल से तय करता है। अंततः वह आखिरी 35 कि० मी० की दूरी 60 कि० मी० प्रति घंटा की चाल से तय करता है। पूरी यात्रा के दौरान वरुण की औसत चाल, कि० मी० प्रति घंटा में, है

(A) 35 (B) 40

(C) 45 (D) 50

**72.** The average marks of a class are 40. On removing one student from the class, it is found that the new average marks of the class are 30. It is also observed that the total marks of these remaining students are 60% of the total of the full class. The total number of students in the class is equal to

(A) 10 (B) 8


(C) 5 (D) 4

**73.** In a solution prepared by a chemist, the volume of water is 30% of the total volume. On adding 5 litres of water to the above solution, it is observed that the volume of the water increases to 40%. How much water, in litres, was there in the original solution?

(A) 35 (B) 30

(C) 14 (D) 9

**Directions :** Answer Question Nos. **74** to **78**, after studying the following pie chart which gives the typical monthly budget of a family earning ₹36,000 per month.




**74.** What is the difference in the amounts budgeted for the food and medical expenses?

(A) ₹18,000 (B) ₹14,400

(C) ₹5,000 (D) ₹9,000

**75.** The family spent ₹3,800 on telephone bill in the current month. Assuming that all the other expenses are same as budgeted amount, how much money the family has saved/invested in this current month?

(A) ₹2,000 (B) ₹1,200

(C) ₹2,800 (D) ₹7,200

**76.** The family spent ₹4,500 on food on a particular month. What percentage of the budgeted amount for food has the family spent on that month?

(A) 40 (B) 50

(C) 60 (D) 80

**77.** The family spent only 80% of the budgeted amount on entertainment during a particular month, which is equal to

(A) ₹4,600 (B) ₹4,000

(C) ₹14,400 (D) ₹14,600

**78.** For the month of November, the family salary increases by an amount equal to the combined budgeted amount for house rent, children education and telephone bill from the earlier month. During November, the family spends exactly the budgeted amount on house rent and children education based on the earlier salary, i.e., before the increment. What is the percentage of the amount spent on house rent and children education together in November, based on the increased salary in November?

(A) 10 (B) 15

(C) 20 (D) 25

**79.** The square root of a two-digit number is observed to be equal to the sum of the two digits itself. The students in a class are equal to such a two-digit number. Prema's rank in the class is such that the number of students below her is four times the number of students above her. Prema's rank in the class is

(A) 13 (B) 15

(C) 17 (D) 19

**80.** Varun travels a distance of 5 km at a speed of 30 km/hour. Then he travels the next 10 km at a speed of 40 km/hour. Finally he travels the next 35 km at a speed of 60 km/hour. What is the average speed of Varun, in km/hour, for the entire travel?

(A) 35 (B) 40

(C) 45 (D) 50

निर्देश (प्रश्न सं० **81** से **85**) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**गद्यांश—1**

किसी भी देश की प्रगति वैज्ञानिक उपलब्धियों के सहारे किए गए औद्योगिकीकरण पर निर्भर है। यही किसी भी उन्नत देश की कसौटी मानी जाती है। जहाँ पर पूर्ण रूप से औद्योगिकीकरण नहीं हुआ है, वहाँ उसी अनुपात में गरीबी और पिछड़ापन रहता है। विज्ञान ने मानव को पूरी तरह बदल दिया है, उसे भौतिक स्तर पर समुन्नत बनाया है, परन्तु एक सत्य यह भी है कि हमें नाना प्रकार की भौतिक सुविधाएँ देकर उसने हमारी कोमल मानवीय संवेदनाओं को नष्ट कर दिया है। अगर ऐसा ही होता रहा तो क्या हम ईमानदारी से अपने को मानव कह पाएँगे।

**81.** विज्ञान हमें क्या देता है?

(A) सामाजिक उपलब्धियाँ

(B) भौतिक उपलब्धियाँ

(C) आध्यात्मिक उपलब्धियाँ

(D) राजनैतिक उपलब्धियाँ

**82.** विज्ञान के विकास के साथ-साथ हम क्या खोते जा रहे हैं?

(A) हिंसा (B) क्रूरता

(C) प्रेम (D) संवेदना

**83.** किसी भी देश को किसके बल पर उन्नत कहा जा सकता है?

(A) समाजीकरण

(B) औद्योगिकीकरण

(C) राजनीतिकरण

(D) भूमंडलीकरण

**84.** विज्ञान ने मानव को किस प्रकार बदला है?

(A) आंशिक रूप से

(B) बहुत हद तक

(C) पूर्ण रूप से

(D) किसी रूप में नहीं

**85.** गरीबी और पिछड़ेपन का मापदंड क्या है?

(A) सही नेतृत्व का न होना

(B) औद्योगिकीकरण का न होना

(C) व्यापारीकरण का न होना

(D) सही समाज का न होना

निर्देश (प्रश्न सं० **86** से **90**) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**गद्यांश—2**

कालक्रम की दृष्टि से 'कला जीवन के लिए' का सिद्धान्त बहुत ही पुराना है। साहित्य-सृजन के शुरुआती दौर से ही कला को नैतिक उद्देश्यपूर्ति का साधन बनाया गया है। कला को जीवनोपयोगी मानने सम्बन्धी धारणा का प्राधान्य सबसे अधिक पश्चिम में रहा है। जबकि यह धारणा आदिकालीन एवं देशातीत है। पश्चिम में कला का आरम्भिक स्वरूप उपदेशात्मक रहा, जिसका कारण यह है कि पश्चिम की शास्त्रीय कला धर्म के संरक्षण में पनपी और विकसित हुई। शुद्ध कलावादी दृष्टि का इस युग में प्रायः अभाव ही रहा। धर्म से प्रेरित कला-साहित्य का उपदेशात्मक होना स्वाभाविक ही है।

**86.** साहित्य-सृजन को प्राचीनकाल से किसकी पूर्ति का साधन बनाया गया?

(A) राजनैतिक उद्देश्य

(B) धार्मिक उद्देश्य

(C) आध्यात्मिक उद्देश्य

(D) नैतिक उद्देश्य

**87.** पश्चिम में कला का प्रारम्भिक स्वरूप कैसा रहा?

(A) आध्यात्मिक

(B) उपदेशात्मक

(C) कलात्मक

(D) शास्त्रीय

**88.** पश्चिम की शास्त्रीय कला किसके संरक्षण में विकसित हुई?

(A) धर्म के संरक्षण में

(B) राजनीति के संरक्षण में

(C) मानव के संरक्षण में

(D) संतों के संरक्षण में

**89.** पश्चिम की कला सम्बन्धी धारणा क्या थी?

(A) धर्मोपयोगी

(B) जीवनोपयोगी

(C) समाजोपयोगी

(D) अर्थोपयोगी

**90.** पश्चिम की कला में किस दृष्टि का अभाव रहा?

(A) पूँजीवादी

(B) मार्क्सवादी

(C) कलावादी

(D) रसवादी

**निर्देश** (प्रश्न सं० **91** से **95**) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**गद्यांश—3**

हिन्दी के प्रसार के लिए तथा सम्पूर्ण भारत की एक भाषा के रूप में इसे स्थापित करने के लिए केन्द्रीय स्तर पर बहुत सारे प्रयास किए गए हैं। सन् 1960 में स्थापित केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय की स्थापना की गई तथा सन् 1961 में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग का गठन किया गया। सरकारी कार्यालयों और बैंकों में भी हिन्दी में लगातार काम किए जाने के प्रयासों पर जोर दिया गया। कट्टरपंथी भाषायी आन्दोलनों के बावजूद दक्षिण भारत में हिन्दी का खूब प्रचार-प्रसार हुआ है, जिसमें हिन्दी सिनेमा और मीडिया का महत्त्वपूर्ण योगदान है। हिन्दी आज अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कई देशों में बोली और समझी जा रही है। फिज़ी, नेपाल, पाकिस्तान, मॉरीशस और कई अमेरिकी एवं यूरोपीय देशों में हिन्दी को पढ़ाया जा रहा है।

**91.** केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय की स्थापना कब हुई?

(A) 1961

(B) 1960

(C) 1958

(D) 1963

**92.** भाषायी आन्दोलनों के बावजूद हिन्दी का प्रचार-प्रसार कहाँ हुआ है?

(A) पूर्वी भारत

(B) पश्चिमी भारत

(C) पूर्वोत्तर भारत

(D) दक्षिण भारत

**93.** हिन्दी के प्रचार-प्रसार में किसका महत्त्वपूर्ण योगदान है?

(A) समाचार-पत्रों का

(B) पत्रिकाओं का

(C) समाज का

(D) मीडिया और सिनेमा का

**94.** वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग का गठन कब हुआ?

(A) 1961

(B) 1960

(C) 1958

(D) 1964

**95.** कौन-सा देश भारत के ज्यादा करीब है?

(A) पाकिस्तान

(B) श्रीलंका

(C) मॉरीशस

(D) अमेरिका

**निर्देश** (प्रश्न सं० **96** से **100**) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**गद्यांश—4**

रोमांटिक और आधुनिक दृष्टिकोणों का एक और अन्तर उनके अपने सामाजिक परिवेशों के कारण है। रोमांटिसिज्म का विकास विशेष रूप से उदारतावादी युग में हुआ, जबकि आधुनिकता का उदय प्रजातान्त्रिक पद्धतियों के अन्तर्गत होता है। उदारतावाद और रोमांटिसिज्म में व्यक्ति की स्वाधीनता का सर्वोपरि महत्त्व है; प्रजातन्त्र इस व्यक्तिगत स्वातन्त्र्य को मानते हुए भी सामाजिक दायित्वों को एक स्वीकारात्मक दृष्टि के रूप में लेता है; स्वातन्त्र्य और दायित्व इस पद्धति में अविच्छिन्न मूल्य हैं। आधुनिकता को मानने वाला सृजनात्मक मूल्यों के संचरण में विश्वास रखता है।

**96.** रोमांटिसिज्म का विकास किस युग में हुआ?

(A) पूँजीवादी युग

(B) उदारतावादी युग

(C) प्रयोगवादी युग

(D) प्रगतिवादी युग

**97.** आधुनिकता का उदय किन पद्धतियों के अन्तर्गत हुआ?

(A) प्रजातान्त्रिक

(B) लोकतान्त्रिक

(C) तानाशाही

(D) राजशाही

**98.** उदारतावाद और रोमांटिसिज्म में किसका सर्वोपरि महत्त्व है?

(A) उदारतावाद

(B) व्यक्तिवाद

(C) व्यक्ति की पराधीनता

(D) व्यक्ति की स्वाधीनता

**99.** आधुनिकता को मानने वाला किन मूल्यों के संचरण में विश्वास रखता है?

(A) आर्थिक मूल्य

(B) वर्णनात्मक मूल्य

(C) सृजनात्मक मूल्य

(D) वर्जनात्मक मूल्य

**100.** प्रजातन्त्र व्यक्तिगत स्वातन्त्र्य को मानते हुए भी किसको स्वीकारात्मक दृष्टि के रूप में लेता है?

(A) सामाजिक दायित्व

(B) राजनैतिक दायित्व

(C) प्रजातांत्रिक दायित्व

(D) लोकतान्त्रिक दायित्व

रफ़ कार्य / ROUGH WORK

★★★